तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

कलेक्टोरेट में सजे बिहान दीदियों के स्वनिर्मित उत्पादों के स्टॉल



खबर संक्षेप



5 किलो गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार

रायगढ़। खरसिया पुलिस ने ग्राम छोटे देवगांव में छापेमार कार्रवाई कर 5.025 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने गांजा बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 2.50 लाख कीमत का गांजा बरामद किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खरसिया पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम छोटे देवगांव निवासी मोहन लाल गुप्ता अपने पास अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ग्राम छोटे देवगांव में दबिश दी। पहले संदेही के घर छापेमारी की गई, वहां संदेही नहीं मिला और फिर पुलिस ने संदेही को सड़क किनारे पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहन लाल गुप्ता पिता स्वर्गीय संतुराम गुप्ता 43 वर्ष निवासी छोटे देवगांव थाना खरसिया बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे में रखे प्लास्टिक बोरे से गांजा के पांच पैकेट बरामद हुए। तौल कराने पर प्रत्येक पैकेट में 1.005 किलोग्राम गांजा, कुल 5.025 किलोग्राम जिसकी कीमत लगभग 2 लाख 50 हजार आंकी गई। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना खरसिया में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

बस स्टैंड के पास मिले अज्ञात शव की हुई पहचान

रायगढ़। जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड के पास 24 अक्टूबर को मिले अज्ञात शव की पहचान हो गई है। मृतक की पहचान योगेश कश्यप पिता स्वर्गीय दिलहरण कश्यप 32 वर्ष मूलतः निवासी महादेव मंदिर के पास, थाना रतनपुर, जिला बिलासपुर का है जबकि वह वर्तमान में निवासी उच्चभिट्ठी किरोड़ीमलनगर के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर शव की पहचान की। परिजनों के अनुसार योगेश के पिता जिंदल प्लांट में कार्यरत थे। योगेश विवाहित था और उसकी एक तीन वर्षीय बेटी है। पत्नी से अनबन के कारण वह बेटी को लेकर अलग रह रही थी। योगेश अपनी मां के साथ उच्चभिट्ठी में रहता था। उसकी बहन बिलासपुर के अपोलो अस्पताल में कार्यरत है। परिजनों ने बताया कि योगेश अक्सर काम के बाद दोस्तों के साथ बाहर रुक जाता था। अभी जब वह एक-दो दिन तक घर नहीं लौटा, तो परिजन चिंतित होकर उसकी तलाश कर रहे थे। इसी दौरान सोशल मीडिया पर योगेश के हुलिए से मिलते-जुलते व्यक्ति की हत्या की खबर देखकर वे पहचान के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां शव की पहचान योगेश के रूप में हुई। अपने बेटे की हत्या की पुष्टि होने से परिजन गहरे सदमे में हैं।

7 फरार स्थायी वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सक्ती । जिले में लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन बॉज के तहत सक्ती पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अलग-अलग थानों की पुलिस टीम ने कुल 7 फरार स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया। सभी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उन्हें जेल दाखिल करा दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती भुवनेश्वरी पैकरा के मार्गदर्शन में जिले के प्रत्येक थाना स्तर पर फरार वारंटियों की पतासाजी कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 27 अक्टूबर को यह कार्रवाई की गई।

लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई के बजाए गड़बड़ी उजागर होते हुए पोर्टल से हटा दिया नक्शा

डिजिटल क्रॉप सर्वे में गड़बड़ी, किसानों की भूमि कहीं बनी 'बिंदू' तो कहीं 'लकीर'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पीवी ऐप के माध्यम से कराए गए डिजिटल क्रॉप सर्वे भारी फर्जीवाड़े सामने आ रहे हैं। ऐप में वास्तविक आकार दिखने के बजाए किसानो की अलग-अलग भूमि एक ही स्थान पर दिख रही थी। वहीं अब भूमि के नक्शे के बजाए पीवी ऐप के नक्शे में यह जमीनें नहीं ''बिंदू'' बन गए हैं तो कहीं ''लकीर' के रूप में प्रदर्शित हो रहे हैं। जिन्हें देखकर सर्वे की गुणवत्ता और और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी है।



डिजिटल सर्वे का उद्देश्य खेतों की वास्तविक स्थिति, भूमि की सीमाओं और फसल संबंधी जानकारी को डिजिटल रिकॉर्ड में दर्ज करना है। लेकिन यदि किसी किसान की जमीन का वास्तविक आकार ही नक्शे से गायब हो जाए, तो ऐसे सर्वे की विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। खेत की जगह बिंदु या लकीर दर्ज होने से जमीन की सही स्थिति और सीमा की पहचान प्रभावित हो सकती है। इसका असर भविष्य में भूमि अभिलेखों के सत्यापन और फसल संबंधी जानकारी के मिलान पर भी पड़ सकता है। सूत्र बता रहे हैं कि कागजी प्रगति दिखाने के चक्कर में शासन-प्रशासन ने सभी नियमों को ताक पर रखते हुए निजी सर्वेयरों के माध्यम से इस कार्य को पूरा तो करा दिया है, लेकिन इससे अब विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। इस पूरे मामले में सबसे गंभीर सवाल ऑनलाइन पोर्टल पर पॉलीगॉन मैप दिखाने के विकल्प को लेकर उठ रहे हैं। पहले पोर्टल पर जमीन के डिजिटल नक्शे



दिखाई दे रहे थे, लेकिन जब नक्शों में गड़बड़ियों की जानकारी सामने आने लगी और गलत प्रविष्टियों के स्क्रीनशॉट प्रसारित होने लगे, तो पोर्टल से नक्शा देखने का विकल्प हटा दिया गया। ऐसी स्थिति में ऐप में प्रदर्शित नक्शे की वास्तविकता को लेकर शंकाएं और भी अधिक गहरी हो जाती हैं। मुख्य बात यह है कि इन गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने के बजाए शासन ने पोर्टल से नक्शे के विकल्प को ही हटा। जबकि इसे विभाग को स्पष्ट करना चाहिए कि यह बदलाव तकनीकी सुधार के लिए किया गया या किसी अन्य कारण से। बता दें कि इस पोर्टल में किसानों की भूमि के नक्शे में की गई गड़बड़ियों को हरिभूमि ने ही सबसे पहले उजागर किया था।

काले कपड़े पहन सड़कों पर उतरे पटवारी, मिनी स्टेडियम से कलेक्ट्रेट तक निकाली रैली



राजस्व पटवारी संघ का आंदोलन अब तेज होता नजर आ रहा है। अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे पटवारियों ने आज काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन किया। रायगढ़ में पटवारियों ने मिनी स्टेडियम से रैली निकाली, जो हेमू कलाणी चौक, चक्रधर नगर चौक और अंबेडकर चौक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। इस दौरान पटवारियों ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की और शासन से जल्द निराकरण की मांग की। राजस्व पटवारी संघ के सदस्य 13 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर हैं। संघ का कहना है कि लंबे समय से मांगें उठाने और शासन स्तर पर बातचीत के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। इसी के विरोध में पटवारियों ने काले कपड़े पहनकर प्रदर्शन किया। पटवारी संघ की चार प्रमुख मांगों में पटवारी से राजस्व निरीक्षक के पद पर विभागीय पदोन्नति, वेतन विसंगति का निराकरण, पीवी ऐप को बंद कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई तथा पटवारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई को निरस्त करना शामिल है। संघ का कहना है कि वर्ष 2017 में ग्रेड पे संशोधन के बाद भी अलग-अलग जिलों और तहसीलों में वेतन निर्धारण की विसंगतियां बनी हुई हैं। वहीं, पीवी ऐप में तकनीकी खामियों के कारण किसानों और कर्मचारियों को परेशानी होने का दावा भी किया गया है। रैली के दौरान पटवारियों ने नारेबाजी कर अपनी एकजुटता दिखाई। संघ ने सरकार से मांगों पर ठोस निर्णय लेने की अपील की है।

छात्रावास अधीक्षक संघ ने लंबित मांगों को लेकर आयोग से लगाई गुहार

रायगढ़। छात्रावासों और आश्रमों के संचालन की जिम्मेदारी संभालने वाले अधीक्षक संवर्ग ने अपनी लंबित मांगों और व्यवस्थागत समस्याओं को लेकर आवाज उठाई है। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ ने छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के समक्ष अपनी समस्याएं रखते हुए सेवा शर्तों के निर्धारण, पदोन्नति के अवसर, ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था में सुधार और छात्रावास संचालन के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराने की मांग की है। संघ का कहना है कि शासन एवं संचालनालय स्तर पर कई बार ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद समस्याओं का अपेक्षित समाधान नहीं हो पाया है। संघ ने अधीक्षकों के कार्य के घंटे निर्धारित करने तथा साप्ताहिक और सार्वजनिक अवकाश के संबंध में स्पष्ट नियम बनाने की मांग की है। संघ का कहना है कि अधीक्षकों से हर समय छात्रावास परिसर में शारीरिक रूप से उपस्थित रहने की अपेक्षा के बजाय कार्य की प्रकृति के अनुसार सेवा शर्तें तय की जानी चाहिए। ड्यूटी के बाद आवश्यकता पड़ने पर फोन के माध्यम से उपलब्ध रहने की व्यवस्था बनाने का सुझाव भी दिया गया है।

7.58 लाख के गबन का आरोपी हैदराबाद से गिरफ्तार 40 महिलाओं के किस्त की राशि लेकर फरार था एजेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कोतवाली पुलिस ने फाइनेंस कंपनी में कार्यरत रहते हुए महिला हितग्राहियों की लोन किस्तों की रकम गबन करने के आरोपी विक्रम सिंह सिदार को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 40 महिला हितग्राहियों से लोन की किस्त एवं लोन क्लोज करने के नाम पर कुल 7 लाख 59 हजार लेने और कंपनी में जमा नहीं कर रकम का गबन कर फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी को हैदराबाद की एक कपड़े की दुकान से पकड़ा, रायगढ़ लाकर गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश करने के बाद जेल वारंट पर जेल दाखिल कराया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, बीते 31 अगस्त को भारत फाइनेंशियल इनक्लूजन लिमिटेड रायगढ़ शाखा के वर्तमान शाखा प्रबंधक वासुदास मानिकपुरी ने थाना सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि कंपनी में कलेक्शन एजेंट के पद पर कार्यरत विक्रम सिंह सिदार ने सितंबर 2023 से अगस्त 2024 के दौरान 40 महिला हितग्राहियों से लोन की किस्त एवं बकाया ऋण की राशि एकमुश्त जमा करने के नाम पर प्राप्त की, लेकिन उक्त रकम कंपनी में जमा नहीं की। महिलाओं द्वारा इस संबंध में शाखा में लिखित शिकायत भी दी गई थी। हितग्राहियों की कुल बकाया राशि 7 लाख 58 हजार 937 बताई गई। पूर्व में आरोपी से मोबाइल फोन पर संपर्क किए जाने पर उसने कुछ दिनों में रकम कंपनी में जमा करने की बात कही थी, लेकिन बाद में मोबाइल फोन बंद कर दिया और फरार हो गया। मामले में सिटी कोतवाली में धारा 316(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान शिकायतकर्ता एवं महिला हितग्राहियों के कथन दर्ज किए गए। साथ ही 31 ग्राहकों के खाते संबंधी लेजर एवं पासबुक की सत्यापित छायाप्रतियां जब्त की गईं, जिनमें कुल 7 लाख 58 हजार 937 की राशि लंबित दर्शाई गई है। आरोपी विक्रम सिंह सिदार पिता बाबूलाल सिदार निवासी अमेराडीह, वार्ड क्रमांक 03 मालखरौदा के पते पर जांच करने पर उसके फरार होने की जानकारी मिली। आरोपी के हैदराबाद में होने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम हैदराबाद रवाना हुई । पुलिस टीम ने बंजारा हिल्स क्षेत्र में पतासाजी कर आरोपी को एक कपड़े की दुकान में सेल्समैन के रूप में काम करते हुए पकड़ा और हिरासत में लेकर रायगढ़ लाई। पूछताछ में आरोपी ने गबन की गई रकम खर्च कर देना बताया। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल वारंट पर जेल भेज दिया गया।

किरोड़ीमल ट्रस्ट के किराएदारों से दस्तावेज मांगने पर बढ़ा विवाद

रायगढ़। किरोड़ीमल ट्रस्ट की संपत्तियों में रहने वाले आवासीय किरायेदारों को नगर निगम की ओर से नोटिस जारी किए जाने के बाद मामला गरमा गया है। नोटिस में संपत्ति से संबंधित मूल दस्तावेज मांगे जाने से किरायेदारों के बीच चिंता बढ़ गई है। इस कार्रवाई को लेकर रहवासियों ने सवाल उठाते हुए अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी सलाह लेने का निर्णय लिया है। किरायेदारों का कहना है कि वे संबंधित संपत्तियों में लंबे समय से किराए पर रह रहे हैं। ऐसे में संपत्ति के मालिकाना हक से जुड़े मूल दस्तावेज उनके पास उपलब्ध होना संभव नहीं है। उनका तर्क है कि यदि नगर निगम को संपत्तियों के स्वामित्व या अन्य दस्तावेजों की जानकारी चाहिए, तो इसके लिए किरोड़ीमल ट्रस्ट के प्रबंधन से संपर्क किया जाना चाहिए। रहवासियों के मुताबिकए उनके पास ट्रस्ट को किराया देने की रसीदों के साथ जलकर और समेकित कर जैसे विभिन्न करों के भुगतान से संबंधित रसीदें उपलब्ध हैं। लेकिन संपत्ति के मालिकाना हक से जुड़े दस्तावेज उनके पास नहीं हैं।

नाबालिग को भगा ले जाने वाला युवक गिरफ्तार



रायगढ़। कोतवाली पुलिस ने लापता बालिका को सकुशल बरामद करते हुए उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुसौर थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने कोतवाली पुलिस में अपनी 13 वर्षीय बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थिया ने बताया कि उसकी बेटी रायगढ़ में अपने परिचित के यहां रहकर पढ़ाई कर रही थी। 20 अक्टूबर की सुबह बालिका बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों एवं रिश्तेदारों के यहां तलाश करने पर भी उसका पता नहीं चलने पर पुलिस को सूचना दी गई। मामले में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 137(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने बालिका के परिजनों एवं सहेलियों से पूछताछ की तथा उसके सोशल मीडिया अकाउंट की जांच कर महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस टीम लगातार बालिका की पतासाजी में जुटी रही। बालिका और संदेही युवक के लगातार स्थान बदलने के कारण तलाश में कठिनाई आ रही थी। इसी बीच 26 अक्टूबर को रायगढ़ आने पर पुलिस ने बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया। महिला पुलिस अधिकारी द्वारा बालिका का कथन दर्ज कराया गया। बालिका ने बताया कि करीब छह माह पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी पहचान उत्तम रावत उर्फ रिशु रावत 18 वर्ष निवासी भांठापारा निपनिया से हुई थी और दोनों के बीच बातचीत होती थी। बालिका के कथन के अनुसार, 19 अक्टूबर की रात युवक रायगढ़ आया और अगले दिन 20 अक्टूबर की सुबह उसे रेलवे स्टेशन के पास बुलाकर ट्रेन से डोंगरगढ़ ले गया। वहां से वह उसे अपने दोस्त के घर ले गया, जहां चार दिनों तक रखकर शादी का प्रलोभन दिया और जबरन शारीरिक संबंध बनाए। बालिका का कथन, मेडिकल कराकर प्रकरण में धारा 87. 65 (1) एवं 06 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी उत्तम रावत उर्फ रिशु रावत को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

नियमों का उल्लंघन, 45 बसों पर एक लाख से अधिक का जुर्माना

रायगढ़। जिले में यात्री बसों का संचालन निर्धारित नियमों के अनुरूप सुनिश्चित करने और यात्रियों की सुरक्षित यात्रा के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार और कलेक्टर के मार्गदर्शन में परिवहन विभाग यात्री बसों की जांच कर रहा है। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित बस संचालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 45 बसों से कुल 1 लाख 14 हजार 100 रुपए जुर्माना वसूला गया है। वहीं बिना फिटनेस और टैक्स के संचालित एक बस को जब्त किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान बसों में कई तरह की अनियमितताएं सामने आईं। इनमें यात्रियों से निर्धारित दर से अधिक किराया वसूलना, किराया सूची नहीं रखना, अग्निशमन यंत्र उपलब्ध नहीं होनाए क्षमता से अधिक सवारी बैठाना और परमिट की शर्तों का उल्लंघन करना शामिल है। इसके अलावा कंडक्टर लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस तथा बसों के ऊपर सामान ले जाने से संबंधित मामलों में भी नियमानुसार कार्रवाई की गई है। बसों के ऊपरी हिस्से में सामान ले जाने और लापरवाही से वाहन चलाने के मामलों में परिवहन विभाग ने अलग.अलग धाराओं के तहत 22 हजार रुपये का चालान किया है।



खबर संक्षेप

सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत जागरूकता शिविर

जशपुरनगर। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के मार्गदर्शन में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर पैरालीगल वॉलिंटियर्स, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के माध्यम से होली क्रॉस इंग्लिश मीडियम स्कूल घोलेंग जशपुर एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर में आयोजित किया गया। उक्त शिविर कार्यक्रम में होली क्रॉस इंग्लिश मीडियम स्कूल घोलेंग जशपुर में माननीय श्री जनार्दन खरे, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी जशपुर तथा सरोजनी जर्नादन खरे, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश महोदय जशपुर एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर में सुमन सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय जशपुर उपस्थित रहे। जागरूकता शिविर के माध्यम से बच्चों को पॉक्सो एक्ट, गुड टच बैड टच, बाल अधिकार एवं संरक्षण, सायबर सुरक्षा, उनके अधिकारों तथा सुरक्षित बचपन के महत्व के संबंध में जागरूकता प्रदान की गई।

दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार वर्ष के लिए आवेदन कल तक

जशपुरनगर। समाज कल्याण संचालनालय, छत्तीसगढ़ समाज कल्याण परिसर, माना कैम्प रायपुर के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग जशपुर की ओर से दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार वर्ष 2026 हेतु आवेदन 30 अक्टूबर 2026 तक आमंत्रित किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 3 दिसम्बर को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों के संरक्षण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न श्रेणियों में दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। निर्देशानुसार जनपद पंचायत क्षेत्रांतर्गत उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारियों, दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाली स्वैच्छिक संस्थाओं, नियोक्ताओं की पहचान कर उनके आवेदन निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त किए जाने हैं। प्रत्येक पुरस्कार श्रेणी के लिए केवल पात्र एवं उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन 30 अक्टूबर 2026 तक अनिवार्य रूप से समाज कल्याण, जशपुर में उपलब्ध कराना होगा, ताकि निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रस्ताव के साथ आवेदन-पत्र, पासपोर्ट आकार का नवीनतम छायाचित्र, पहचान एवं पते का प्रमाण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, उपलब्धियों से संबंधित प्रमाण-दस्तावेज, संस्था या नियोजक का पंजीयन प्रमाण पत्र, कार्य का संक्षिप्त विवरण तथा अन्य आवश्यक अभिलेख संलग्न किया जा सके। अपूर्ण, अस्पष्ट अथवा बिना प्रमाणित दस्तावेजों के प्राप्त प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जावेगा। निर्धारित समय-सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

सेवा सेतु पोर्टल से अब ऑनलाइन जारी होगी विद्यार्थियों की टीसी

जशपुरनगर। शासन की पारदर्शी एवं डिजिटल सेवा प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के विद्यार्थियों के स्थानांतरण प्रमाण पत्र ऑनलाइन जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इससे विद्यार्थियों को समय पर टीसी उपलब्ध कराने में सुविधा होगी और प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं सुगम बनेगी। इसी कड़ी में 27 अक्टूबर 2026 को जशपुर में एक दिवसीय भौतिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के सभी विकासखंडों के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रभारी प्राचार्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों एवं प्राचार्यों को सेवा सेतु पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के त्वरित सत्यापन, डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट के माध्यम से ऑनलाइन अनुमोदन तथा पोर्टल से जुड़ी विभिन्न तकनीकी समस्याओं के समाधान की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्राचार्यों के डीएससी डोंगल की पोर्टल पर आवश्यक मैपिंग भी की गई, ताकि ऑनलाइन टीसी जारी करने की प्रक्रिया में तकनीकी बाधाएं न आएं और विद्यार्थियों को निर्धारित समय पर स्थानांतरण प्रमाण पत्र मिल सके।

ट्रक से कूदकर भागते हुए तस्कर घायल, इलाज के दौरान मौत

गौवंश तस्करी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई 38 मवेशी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जशपुर पुलिस ने 'ऑपरेशन शंखनाद' के तहत गौवंश की अवैध तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक ट्रक से क्रूरतापूर्वक भरकर ले जाए जा रहे 38 गौवंश बरामद किए हैं। इस दौरान पुलिस से बचने के लिए ट्रक से कूदकर भागने की कोशिश कर रहा एक आरोपी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 28 अक्टूबर को कंट्रोल रूम में सूचना मिली कि झारखंड पासिंग के एक छह चक्का ट्रक क्रमांक जेएच 02 एल 0355 में गौवंशों को क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंसकर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। यह वाहन चरईडांड़ की ओर से लोरो घाट होते हुए जशपुर की तरफ आ रहा था। मामला गंभीर होने पर डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार के मार्गदर्शन और एसडीओपी निमितेश सिंह के पर्यवेक्षण में थाना लोदाम, सिटी कोतवाली जशपुर और थाना दुलदुला की संयुक्त टीम ने ग्राम खटंगा और काईकछार के पास नाकाबंदी की।

38 मवेशी और ट्रक जब्त, आरोपी गिरफ्तार

पकड़े गए आरोपी मोजामिल अंसारी ने पूछताछ में बताया कि वह कोरबा जिले के ग्राम मोरगा से गुलाम अंसारी निवासी साईं टांगरटोली के कहने पर मवेशियों को वध के लिए झारखंड के सिसई ले जा रहा था। पशुओं को बिना दाना-पानी के रस्सियों से बांधकर ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। इस कार्य के लिए उसे 3 हजार रुपये मिलने वाले थे। पुलिस ने मौके से ट्रक और उसमें लदे 38 गौवंश को सुरक्षित जब्त कर लिया है। थाना सिटी कोतवाली जशपुर में छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(क), 11(1)(घ) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तस्करी के इस पूरे नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

गौ तस्करी के फरार दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, गए जेल



जशपुरनगर। जशपुर पुलिस ऑपरेशन शंखनाद के तहत गौवंश तस्करी एवं पशुओं के अवैध परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार सख्त वैधानिक कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में थाना लोदाम क्षेत्र में गौ तस्करी के एक प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में जशपुर पुलिस को सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार मामले में 7 दिसंबर 2025 को थाना लोदाम अंतर्गत पुलिस ने संदिग्ध पिकअप वाहन क्रमांक जेएच 10 बीएस 8773 को पकड़ा। वाहन में सवार व्यक्ति पुलिस को देखकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर वाहन की जांच कर उसमें परिवहन किए जा रहे 11 नग गौवंशों को मुक्त कराया तथा गौ तस्करी में प्रयुक्त पिकअप वाहन को जप्त किया। मामले में थाना लोदाम में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 6 एवं 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान पुलिस ने जब्त पिकअप के पंजीयन नंबर एवं मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर मामले में संलिप्त आरोपी मंजीत जांगड़े, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम चंद्रपुर, जिला सक्ती, छत्तीसगढ़ को हिरासत लिया था एवं दो अन्य फरार हो गए थे। फरार आरोपियों की तलाश के दौरान 26 अक्टूबर को लोदाम पुलिस ने लोदाम के बाजार डांड़ क्षेत्र में घेराबंदी की और आरोपी को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बसी अहमद, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम साईं टांगरटोली, थाना लोदाम, जिला जशपुर, छत्तीसगढ़ के रूप में हुई। इसी दिन पुलिस टीम ने प्रकरण के दूसरे फरार आरोपी इमरोज खान, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम बरगीडाढ़, थाना रायडीह, जिला गुमला, झारखंड को उसके गृह क्षेत्र से पकड़ने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक हीरो एच एफ डीलक्स मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन एवं 1 हजार रुपये नगद जप्त किए हैं। गिरफ्तारी के पश्चात दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। मामले में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि गौ तस्करी के प्रकरण में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।



सरकारी स्कूलों में पढ़ाई जाएगी एआई, कोडिंग और रोबोटिक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। कलेक्टर रोहित व्यास के विशेष प्रयासों से जिला प्रशासन जशपुर और एडु रोबोवर्स के बीच गैर-वित्तीय सहयोग के आधार पर समझौता ज्ञापन किया गया है। इसके तहत जिले के तीन सरकारी स्कूलों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को एक वर्ष तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कोडिंग, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रत्येक स्कूल में नियुक्त होगा विशेष ट्रेनर

कार्यक्रम के प्रभावी संचालन के लिए एडु रोबोवर्स की ओर से प्रत्येक स्कूल में एक विशेष ट्रेनर नियुक्त किया जाएगा। ट्रेनर सप्ताह में दो दिन विद्यार्थियों की कक्षाएं लेंगे और विद्यालय के शिक्षकों को भी आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इससे स्कूलों में आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षण को बढ़ावा मिलेगा और शिक्षक भी नई तकनीकों से परिचित हो सकेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी का 'स्टूडेंट टेक्नोलॉजी पासपोर्ट' तैयार किया जाएगा। इसमें विद्यार्थी के कौशल, मूल्यांकन और तैयार किए गए प्रोजेक्ट्स का रिकॉर्ड रखा जाएगा। कार्यक्रम की प्रगति की मासिक रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी।

श्री राधाकृष्ण मंदिर में आज से धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कार्तिक मास के पावन अवसर पर श्री राधा कृष्ण मंदिर पमशाला में आज 27 अक्टूबर से भव्य धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया है। मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत 24 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से एवं शाम 5 बजे से भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बनेगा तथा श्रद्धालुओं को भगवान श्री राधा-कृष्ण की भक्ति और आराधना से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

एक माह तक गूंजेंगे भजन-कीर्तन के स्वर- कार्तिक मास को सनातन धर्म में विशेष पुण्य और भक्ति का महीना माना जाता है। इसी धार्मिक महत्त्व को ध्यान में रखते हुए श्री राधा कृष्ण मंदिर पमशाला में यह आयोजन किया जा रहा है।

भजन-कीर्तन मंडलियों को भी आमंत्रण

अखिल भारतीय कंवर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती कौशल्या साय ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम में भजन-कीर्तन मंडलियां भी शामिल हो सकती हैं और अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम में सहभागिता निभा सकती हैं। श्रद्धालुओं से दीप लेकर मंदिर प्रांगण में पहुंचने तथा सामूहिक भजन-कीर्तन में भाग लेने का आग्रह किया गया है।यह आयोजन ईब नदी तट स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर पमशाला में 27 अक्टूबर से 24 नवंबर तक चलेगा। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय कंवर समाज, पमशाला की ओर से किया जा रहा है।

अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की गई जान

अम्बिकापुर। अलग-अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम केशवनगर निवासी जेठू राम आ. स्व. मनबोध रवि (78 वर्ष) गत दिन मोपेट से किराना सामान लेने विश्रामपुर जा रहा था। जैसे ही वृद्ध अम्बेडकर चौक के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे कार क्रमांक सीजी 10 बीजे 3867 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। परिजन वृद्ध को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। दूसरी घटना में पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम सरगड़ी निवासी पूरन राम आ. पतु राम (36 वर्ष) 23 अक्टूबर को सास दशमतिया बाई को लेकर खाता खुलवाने प्रतापपुर बैंक गया था।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर छात्रावास भवन निर्माण कार्य तेज

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छात्रावास भवन निर्माण कार्य को गति दी जा रही है। इसी कड़ी में जशपुर जिले के फरसाबहार तहसील क्षेत्र अंतर्गत पंडरीपानी में प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रावास भवन का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 45 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। इस छात्रावास भवन के निर्माण से अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। आधुनिक सुविधाओं से युक्त छात्रावास में विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिल सकेगा। इससे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी तथा उन्हें अपनी पढ़ाई नियमित रूप से जारी रखने का अवसर मिलेगा।



विद्यार्थियों की सुविधा और शिक्षा पर जोर

छात्रावास भवन का निर्माण पूरा होने के बाद विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवासीय वातावरण उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास की सुविधा शिक्षा के प्रति उनकी निरंतरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

शैक्षणिक अधोसंरचना के विकास और विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाओं के विस्तार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में शैक्षणिक अधोसंरचना के विकास और विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाओं के विस्तार पर ध्यान दिया जा रहा है। पंडरीपानी में निर्माणाधीन छात्रावास भवन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

आदिवासी समाज के विकास, शिक्षा और संस्कृति संरक्षण को लेकर अजजा आयोग के अध्यक्ष से मिले धरमजयगढ़ के समाज प्रमुख



छाल। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी एवं उपाध्यक्ष एमडी ठाकुर के रायगढ़ आगमन पर सर्किट हाउस में समाज प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे समाज प्रमुखों ने आयोग के पदाधिकारियों से शिष्टाचार भेंट कर आदिवासी समाज के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में आदिवासी समाज की पारंपरिक रूढ़ .प्रथाओं, रीति.रिवाजों एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने पर विशेष जोर दिया गया। समाज प्रमुखों ने कहा कि आदिवासी समाज की विशिष्ट पहचान उसकी परंपराओं, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों में निहित है। इसलिए आने वाली पीढ़ियों तक इन परंपराओं को सुरक्षित पहुंचाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। इसके साथ ही समाज के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा एवं रोजगार के माध्यम से आदिवासी समाज के युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए, ताकि समाज के सभी वर्गों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत बनाने के लिए भी समाज प्रमुखों ने एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान धरमजयगढ़ क्षेत्र से जुड़े प्रमुख मुद्दों को आयोग के समक्ष प्रमुखता से रखा गया। इनमें छात्रावासों की व्यवस्था में सुधार और नए छात्रावास खोलने की मांग विशेष रूप से शामिल रही। नए छात्रावास खोलने की मांगरू धरमजयगढ़ विकासखंड के अंतर्गत संचालित विभिन्न छात्रावासों की बदहाल व्यवस्था एवं विद्यार्थियों को होने वाली समस्याओं की ओर आयोग का ध्यान आकृष्ट कराया गया।

कलेक्टर ने दानसरा में काले चावल की खेती और मुड़ियाडीह में भौतिक सत्यापन कार्य का किया निरीक्षण

सरसीवा। किसानों की आय बढ़ाने और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले में काले चावल की खेती का विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू ने दानसरा पहुंचकर काले चावल की खेती का अवलोकन किया और उत्पादक किसानों से चर्चा की।

जिले के लगभग 200 किसान करीब 340 एकड़ में कुरो किस्म के काले चावल की खेती कर रहे हैं। किसानों ने कुरो कंपनी के साथ अनुबंध किया है, जिसके तहत कंपनी उनकी उपज खरीदेगी और उन्हें प्रति क्विंटल 25 हजार से 35 हजार रुपए तक भुगतान किया जाएगा। दानसरा में खेती का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने किसानों से उत्पादन, खेती की पद्धति और कंपनी के साथ हुए अनुबंध के संबंध में जानकारी ली। किसान मनोज कुमार साहू ने बताया कि वे एक एकड़ में जैविक विधि से काले चावल की खेती कर रहे हैं और उन्हें प्रति एकड़ लगभग 15 क्विंटल उत्पादन की उम्मीद है। उपज कंपनी को बेचने की व्यवस्था होने से किसानों को बाजार और संभावित आमदनी को लेकर भरोसा मिला है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आगामी खरीफ सीजन में कुरो काले चावल की जैविक खेती का क्षेत्र एक हजार हेक्टेयर से अधिक तक बढ़ने की संभावना है। कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषक उन्नति योजना के तहत कुरो चावल उगाने वाले किसानों का धान के स्थान पर अन्य फसल उत्पादन के लिए 15 हजार रुपये की सहायता हेतु पंजीयन भी कराया जा रहा है। इससे किसानों को फसल विविधीकरण के साथ योजना का लाभ लेने का अवसर मिलेगा। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को काले चावल की खेती का रकबा बढ़ाने और किसानों को आवश्यक मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक फसलों को अपनाने से फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा और सामान्य धान पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। निरीक्षण के दौरान एडीएम डीएस राजपूत, उप संचालक कृषि श्री आशुतोष श्रीवास्तव, तहसीलदार एवं आरआई सारंगढ़, कृषि विभाग के अधिकारी, कुरो कंपनी के प्रतिनिधि प्रकाश जोशी तथा क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे। दानसरा के बाद कलेक्टर ने मुड़ियाडीह में भौतिक सत्यापन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने खेत में ऐप के माध्यम से पीवी करने की प्रक्रिया की जानकारी ली और शेष पीवी तथा डीसीएस कार्य निर्धारित समय.सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग ने स्वॉयल हेल्थ कार्ड योजना के तहत जिले के तीन पीएमश्री स्कूलों में मिनी मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाएं उपलब्ध कराई हैं। इन प्रयोगशालाओं के जरिए विद्यार्थी मिट्टी के नमूनों की जांच और मृदा स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त करने की तकनीक सीख सकेंगे।



दुर्घटनाओं के आंकड़ों के विश्लेषण व पोर्टल पर प्रविष्टि करने पर दिया जोर

आईआईटी मद्रास की टीम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

जशपुरनगर। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा सड़क सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों तथा छत्तीसगढ़ शासन के परिवहन विभाग के साथ हुए समझौता ज्ञापन के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आईआईटी मद्रास के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड सेफ्टी की टीम के हेमेन्द्र शर्मा एवं प्रीतम शर्मा ने सड़क सुरक्षा से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित आंकड़ों के संकलन एवं विश्लेषण, दुर्घटनाओं के वास्तविक कारणों की पहचान तथा पोर्टल पर दुर्घटनाओं से संबंधित जानकारी सही एवं समयबद्ध तरीके से दर्ज करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, दुर्घटनाओं के कारणों का वैज्ञानिक एवं आंकड़ा-आधारित विश्लेषण कर प्रभावी सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी एवं तकनीकी ज्ञान का उपयोग सड़क दुर्घटनाओं तथा उनमें होने वाली मृत्यु की संख्या में कमी लाने के लिए किया जाए। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं से संबंधित आंकड़ों का सही संकलन एवं विश्लेषण कर दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों की पहचान करना आवश्यक है। इसके आधार पर दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यक सुधारात्मक उपाय किए जाएं, ताकि सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाया जा सके। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में तकनीक के प्रभावी उपयोग पर जोर देते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटनाओं से संबंधित जानकारी का सही संधारण सुनिश्चित करें तथा उपलब्ध तकनीकी संसाधनों का उपयोग दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं उनके प्रभावी विश्लेषण के लिए करें।



एसबीआई आरसेटी जशपुर को ग्रेडिंग में मिला डबल ए



जशपुरनगर। एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जशपुर नगर को वर्ष 2025-26 की ग्रेडिंग में डबल ए ग्रेड प्राप्त हुआ है। संस्थान ने 200-200 अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि से संस्थान के अधिकारियों और कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है। 27 अक्टूबर को ग्रेडिंग ऑफिसर पुनीत चतुर्वेदी के जशपुर आगमन पर आरसेटी के निदेशक अनुज मंगेश एक्का, फैकल्टी सदस्य विकास कुमार सिन्हा, पंकज मिश्रा सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर ए-हेल्प पशु-सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम की महिलाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर पुष्पगुच्छ भेंट किया ।



90 के दशक की यादें ताजा कर रहा सूर्या का 'सुनियो जरा'

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ रही है। फिल्म के मेकर्स ने मंगलवार सुबह इसका नया गाना 'सुनियो जरा' रिलीज कर दिया है। इस गाने की खास बात यह है कि इसे हिंदी संगीत जगत के दिग्गज गायक उदित नारायण और कुमार सानू ने अपनी आवाज दी है। उनके साथ अनुपम अमोद भी इस म्यूजिकल कोलैबोरेशन का हिस्सा हैं। दोस्ती और पुराने रिश्तों की गर्माहट को समर्पित यह गाना सुनने वालों को भावुक करने के साथ-साथ 90 के दशक की पुरानी यादों में ले जाने की कोशिश करता है। यह फिल्म 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

लाइफ Style

सैयामी

इंटरनेशनल फिल्म में निभाएंगी किरदार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अब खबर आ रही है कि सैयामी आने वाले समय में विदेशी सिनेमा में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरती हुईं नजर आएंगी। कलाकार को कुछ न कुछ नया करते रहना चाहिए। इसी दिशा में अभिनेत्री सैयामी खेर अपने कॅरियर में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही हैं। वह निर्देशक मैक्सिम कुजनेत्सोव की आगामी इंडो-रूसी ड्रामा फिल्म से अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में कदम रखेंगी। इस फिल्म में भारत और रूस के कलाकार व क्रिएटिव टीम के सदस्य साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की कहानी ड्रामा पर आधारित है, जो सिनेमा के जरिए दो अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास करेगी।

भारत और रूस में शूट हुई इस फिल्म के दौरान सैयामी को एक नए सिनेमाई माहौल में काम करने का अवसर मिला। विदेशी क्रू के साथ काम करने का उनका पहला अनुभव था। सैयामी कहती हैं- उनके साथ काम करना शानदार अनुभव था। रूस में शूटिंग हुई है, जहां मैं पहली बार गई थी। मास्को बेहद खूबसूरत शहर है। वहां काम करने का माहौल मेरे अब तक के अनुभवों से काफी अलग था। उम्मीद है कि यह मेरे लिए ऐसे कई और अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट का पहला कदम साबित होगा।

सुपरस्टार अक्षय कुमार की फिल्म हैवान को बीते महीने सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म फ्लॉप रही, लेकिन उसमें नजर आने वालीं अभिनेत्री सैयामी खेर ने अपनी अदाकारी से सबका दिल जीता था।



हॉलीवुड मसाला



नहीं मिल रहीं गॉडजिला को स्क्रीनिंग

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की सुपरहिट फिल्म रामायण पार्ट 1 की वजह से हॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी वाली फिल्म गॉडजिला को भारत में रिलीज करने का इरादा मेकर्स को टालना पड़ा है। 6 नवंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही गॉडजिलाः माइनस जीरो' की रिलीज डेट को मेकर्स आगे खिसकाने की प्लानिंग कर रहे हैं। रणबीर कपूर की माइथोलॉजिकल फिल्म रामायणम पार्ट 1 दीपावली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ठीक उसी समय पर गॉडजिलाः माइनस जीरो भी आ रही है।



वरुण व कृति डब करेंगे ऑब्सेशन का हिंदी वर्जन

नई दिल्ली। अभिनेता वरुण धवन और कृति सेन हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' के हिंदी वर्जन से जुड़े हैं। दोनों सितारे इसके हिंदी वर्जन में मुख्य किरदारों को अपनी आवाज देंगे। यह फिल्म बेयर नाम के एक म्यूजिक स्टोर वर्कर की कहानी है, जिसे अपनी कलीग निक्की से प्यार हो जाता है। उसकी जिंदगी में एक बुरा मोड़ तब आता है, जब वह 'वन विश विलो' नाम के एक अजीब खिलौने का इस्तेमाल करके उसे अपने प्यार में डाल देता है। हालांकि, उसकी इस इच्छा से कुछ अनचाही और डरावनी घटनाएं होती हैं, क्योंकि निक्की उसके लिए और ज्यादा ऑब्सेस्ड हो जाती है। कृति सेनन ने कहा कि उन्हें कहानी पसंद आई और उन्हें यह रोल काफी उत्साहित करने वाला लगा, साथ ही चैलेंजिंग भी।



30 को आएगा श्रद्धा की ईठा का ट्रेलर...

नई दिल्ली। श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने इस फिल्म के ट्रेलर के रिलीज डेट को लेकर जानकारी दी है। हाल ही में जारी हुए फिल्म के टीजर में श्रद्धा कपूर का शानदार लुक देखने को मिला था। अभिनेत्री अपने डांस से दर्शकों को अपना दीवाना बनाने वाली हैं। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो क्लिप शेयर की है। इसमें देखा जा सकता है कि गांव का माहौल है। बहुत से लोग रात के वक्त जमा हुए हैं। इन लोगों के बीच में एक महिला खड़ी है। उसके आस-पास सभी लोग जोर-जोर से ईठा-ईठा के नारे लगा रहे हैं। वीडियो क्लिप के बैकग्राउंड का संगीत अच्छा समा बांध रहा है। श्रद्धा कपूर ने वीडियो क्लिप शेयर करते हुए लिखा, 'बिखरेगा जलवा इस शुक्रवार।



'लॉन्ग...' में साथ नजर आएंगे सैफ-विद्या

मुंबई। अभिनेता सैफ अली खान और विद्या बालन जल्द ही एक नई फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। 'द लंचबॉक्स' जैसी चर्चित फिल्म बना चुके डायरेक्टर रितेश बत्रा अपनी अगली फिल्म 'लॉन्ग इयर्स अगो' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज का साथ मिला है, जिसकी कमान ज्योति देशपांडे संभाल रही हैं। ज्योति इससे पहले फिल्म 'धुरंधर' के प्रोडक्शन से भी जुड़ी रही हैं। इस फिल्म में सैफ और विद्या के साथ फ्रेंच एक्ट्रेस मेलानी लॉरेंट भी अहम भूमिका निभाएंगी। यह एक फैमिली कॉमेडी-ड्रामा फिल्म होगी, जिसकी कहानी साल 1991 में सेट की गई है। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग मुंबई में की जाएगी। बता दें कि अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री विद्या बालन इससे पहले साल 2005 में आई फिल्म 'परिणीता' और 'एकलव्यः द रॉयल गार्ड' में साथ काम कर चुके हैं।

टीवी मसाला

बिग बॉस से बाहर होते ही मैरी कॉम ने खोली सबकी पोल!

नई दिल्ली। कलर्स टीवी के बहुचर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' में भारत की स्टार बॉक्सर मैरी कॉम का सफर खत्म हो गया। घर से एविक्ट होने के बाद मैरी कॉम ने एक बातचीत में बिग बॉस के घर के अंदर बीते दिनों, कंटेस्टेंट्स के असली चेहरों और खुद पर उठे सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए हैं। माही को मैरी कॉम ने घर का सबसे बड़ा दिमाग और मास्टरमाइंड बताया। काजी को मैरी कॉम ने इस टैग के लिए चुना और कहा कि माही और काजी का कनेक्शन काफी गहरा है। मैरी कॉम ने बिना सोचे अरिश्फा का नाम लिया और कहा कि वह कैमरा और फुटेज के लिए सबसे ज्यादा नाटक करती है। मैरी कॉम ने आसिफ खान को घर का सबसे 'दोगला' सदस्य बताया। मैरी कॉम के मुताबिक घर में गुल्लू की दोस्ती सबसे सच्ची लगती है। मैरी कॉम का मानना है कि अमपाली दुबे और माही में विनर बनने की क्वालिटी है क्योंकि दोनों खेल को दिमाग से खेल रही हैं.भविष्य में फिर से किसी रियलिटी शो में जाने के सवाल पर मैरी कॉम ने मुस्कुराते हुए कहा कि वे इस पर विचार करेंगी. उन्होंने अपने तमाम फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि बिग बॉस के सफर में मिले प्यार के लिए वे हमेशा आभारी रहेंगी। 28 सालों तक रिंग में देश का नाम रोशन करने वाली मैरी कॉम ने बताया कि टेलीविजन का यह अनुभव उनके खेल जीवन से बिल्कुल अलग था और वे यहां सिर्फ एक नया अनुभव हासिल करने आई थीं। उन्होंने कहा, मैं एक स्पोर्ट्सपर्सन हूं और मैंने पिछले 20 सालों में देश के लिए काफी योगदान दिया है। लेकिन टेलीविजन और इस तरह के रियलिटी शोज का मुझे कोई अनुभव नहीं था। ब्रांड्स के शूट तो कुछ घंटों के होते हैं, पर 24 घंटे कैमरों के बीच रहना और शो को प्रमोट करना बिल्कुल अलग अनुभव है।



2 कंटेस्टेंट्स ने पार की हदें, सौरव गुस्से से हुए लाल

नई दिल्ली। रिएलिटी शो बिग बॉस एक ऐसा शो है, जो देश में इस वक्त करीब 6 भाषाओं में चल रहा है। इसका हिंदी वर्जन सबसे ज्यादा हिट है, जिसे सलमान खान होस्ट करते हैं। वहीं बिग बॉस को एक बार फिर सौरव गांगुल होस्ट कर रहे हैं। पर बिग बॉस बांग्ला में इस बार दो कंटेस्टेंट्स ने ऐसी हदें पार की हैं, कि इसकी चर्चा पूरे देश में होने लगी। फैमिली शो में दो कंटेस्टेंट्स के इंटिमेट होने पर शो के होस्ट सौरव गांगुली का पारा सातवें औसमान पर पहुंच गया और दोनों को लास्ट वार्निंग दे डाली। बिग बॉस बांग्ला के कई वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। ये वीडियो राजवीर डे और नंदिनी गुप्ता के हैं। वीडियो में दिख रहा है कि राजवीर और नंदिनी सैकड़ों कैमरो के बीच भी कभी लिप लॉक कर रहे हैं तो कभी एक-दूसरे के साथ इंटिमेट हो रहे हैं। दोनों का ये रोमांस इंटरनेट पर आग की तरह फैल गया है और लोग सवाल पूछ रहे हैं कि फैमिली शो में ये सब कैसे हो रहा है।



बहन की मौत का रहस्य सुलझा रहीं शनाया

मुंबई। बड़े पर्दे के बाद अब 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर'की दुनिया ओटीटी पर आ गई है। करण जौहर ने अपनी इस फिल्म को वेब सीरीज के तौर पर बनाया है, जिसका नाम 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' रखा गया है। जियो हॉटस्टार की इस सीरीज में शनाया कपूर लीड रोल में नजर आ रही हैं और मंगलवार को इस सीरीज का पहला ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' में शनाया कपूर अपनी बहन (आयशा मलिक) की रहस्यमयी मौत का राज पता करने की कोशिशों में लगी हैं। 1 मिनट 50 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि शनाया बहन की मौत की वजह से जानने के लिए हर हाद पार करने को तैयार है। इसमें शनाया की मां का किरदार शीबा चड्ढा ने निभाया है। शनाया ने सीरीज में डबल रोल निभाया है। यानी सीरीज में वो जुड़वा बहनों के किरदार में दिखाई देंगी। ट्रेलर की शुरुआत में दिखाया जाता है कि शनाया कपूर की बहन आयशा मलिक की लाश बर्फ से एक जमें बाराखली झील से मिलती है। मौत हादसा थी या हत्या? इसका पता करने के लिए शनाया खुद ही



सेंट टेरेसा हेरिटेज स्कूल पहुंच जाती हैं। वहां उनकी मुलाकात अलग अलग किरदारों से होती है। एक बेस्ट फ्रेंड जो आयशा से जलती थी. वो खुद को आयशा की बहन जैसा मानती है, लेकिन हादसे वाली रात उसे अकेला छोड़ दिया था। फिर शनाया की मुलाकाज आयशा के रिजेक्टेड लवर से होती है, जो खुद को उसका बेस्ट फ्रेंड बताता है। फिर रूम मेट से मिलती हैं जो साइको है और आयशा से नफरत करती थी. और एक बॉयफ्रेंड, जो कुछ ज्यादा ही परफेक्ट है।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर गोंधल का धांसू ट्रेलर रिलीज मन में छिपे सच को लेकर छोड़ती है कई सवाल

नई दिल्ली। संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' 13 नवंबर को सात भाषाओं- हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और अंग्रेजी में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह एक ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि पहली बार किसी मराठी फिल्म को वर्ल्डवाइड लेवल पर सात भाषाओं में दोबारा रिलीज किया जा रहा है। फिल्म भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, दुबई और अफ्रीका सहित कई क्षेत्रों में रिलीज होगी। 99वें अकादमी पुरस्कारों के लिए भारत की ऑफिशियल एंट्री संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' का ग्लोबल ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर की एक प्रभावशाली झलक पेश करता है। भव्य सीन, सांस्कृतिक परिवेश और रहस्य की परतों में बुनी कहानी फिल्म की उस बेचैन कर देने वाली दुनिया की ओर संकेत करती है, जिसने इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर चर् छेड़ दी है।



क्या है गोंधल की कहानी?

महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत की पृष्ठभूमि पर आधारित 'गोंधल' सुमन नाम की लड़की की कहानी है जो नवविवाहिता है और अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुश नहीं है। सुमन के घर में पारिवारिक परंपरा के अनुसार देवी की आराधना का पारंपरिक लोक अनुष्ठान गोंधल चल रहा होता है और फिर कहानी में मोड़ तब आता है जब गोंधली कलाकार से सुमन की नजदीकियां बढ़ने लगती है। वह अपनी बोरिंग शादीशुदा जिंदगी से बाहर निकलना चाहती है। एक रात में चल रही इस कहानी में लालच, धोखा, हेरफेर, रिश्तों की कड़वाहट का ऐसा जाल बनता है कि एक तरफ भक्ति चल रही होती है और एक तरफ अन्य किरदार अपनी दबी हुई इच्छाओं, डर, वासना और स्वार्थ से जूझते हैं। ट्रेलर अपने रहस्यमय सीन्स और ऐसे रिश्ते की झलकियों के जरिए उत्सुकता बढ़ाता है, जो निजी इच्छाओं और गहरे दायित्वों के बीच फंसा हुआ है। यह कहानी दर्शकों के मन में परत के नीचे छिपे सच को लेकर कई सवाल छोड़ जाती है।

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार निभाया था सरिता ने

200 से ज्यादा फिल्मों में काम, फिर भी नहीं मिली पहचान

नई दिल्ली। रामानंद सागर की रामायण के हर एक किरदार को देशभर में पहचान मिली थी। आज हम आपको रामायण के एक ऐसे किरदार के बारे में बता रहे हैं जो केवल एक एपिसोड में थीं, लेकिन उन्हें भी इस सीरियल ने असल मायनों में पहचान दिलाई।

कौन थीं शबरी?

हम जिस किरदार की बात कर रहे हैं उनका नाम है शबरी। शबरी की बात करें तो वो भगवान राम की सबसे बड़ी भक्त कही जाती हैं। वनवास के दौरान भगवान राम अपनी सबसे बड़ी भक्त से मिले थे। ऐसी कथाएं प्रचलित हैं कि जब भगवान राम आए तो शबरी ने उन्हें बेर खिलाए थे। बेर खट्टे न हों, ये देखने के लिए शबरी पहले खुद बेर चखती थीं और फिर वही भगवान राम को खिलाती थीं।

1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार एक्ट्रेस सरिता देवी ने निभाया था। सरिता देवी राजस्थान से आती थीं। उन्होंने साल 1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर में 200 से ज्यादा फिल्में की थीं, लेकिन उन्हें किसी भी फिल्म से वो पहचान नहीं मिल पाई जो रामायण के एक एपिसोड ने उन्हें दिला दी थी।



कभी बनीं बुआ, कभी भाभी तो कभी चाची

उन्होंने कभी मेन लीड की रोल की मां का किरदार निभाया, तो कभी भाभी का तो कभी चाची का। सरिता ने फिल्म टैक्सी ड्राइवर में देव आनंद की मां का रोल निभाया था। 1953 में आई परिणीता में उन्होंने भाभी की भूमिका निभाई थी। आई मिलन की बेला में उन्होंने बुआ का किरदार निभाया था। 1955 में आई देवदास में उन्होंने पारो की दादी का रोल निभाया था और आए दिन बहार के में उन्होंने मौसी का किरदार निभाया था।

सरिता को हमेशा मिले सपोर्टिंग रोल

मीडिया में मौजूद जानकारी के मुताबिक, सरिता देवी का जन्म 23 नवंबर, 1925 को जोधपुर में हुआ था। वो राजस्थान की पहली कैरेक्टर एक्ट्रेस थीं। मात्र 22 साल की उम्र में सरिता ने अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर की शुरुआत भले ही 22 साल की उम्र में की हो, लेकिन अपने इतने लंबे करियर में उन्हें केवल सपोर्टिंग रोल ही मिले।

बॉलीवुड के दिग्गजों के साथ किया काम

सरिता ने अपने करियर में अमिताभ बच्चन, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र, देवानंद, राजकपूर और मनोज कुमार जैसे कलाकारों के साथ काम किया। उन्होंने न केवल भारतीय फिल्मों के लिए काम किया बल्कि रूसी फिल्मों के लिए डबिंग भी की। सरिता को सात रूसी फिल्मों को हिन्दी में डब करने के लिए भी चुना गया था। रूसी फिल्म 'पेडेनिये बर्लिना' के लिए डायमंड पिक्चर्स की ओर से उन्हें सम्मानित भी किया गया था।

12 साल की उम्र में हुई थी पहली शादी

सरिता की निजी जिंदगी में काफी दर्द रहा। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जाता है सरिता का बाल विवाह हुआ था। जब सरिता 12 साल की थीं तब उनकी शादी हो गई थी। हालांकि, शादी के दो महीने बाद ही उनके पति की मौत हो गई थी। इसके बाद उन्होंने ड्रामा कंपनी के मालिक लालजी गोहिल से शादी की थी। इस शादी से उन्हें दो बेटे और एक बेटी हुई थी। लेकिन, साल 1990 में उनके दूसरे पति की भी मौत हो गई थी। पति के निधन के कुछ सालों बाद उनके बड़े बेटे ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया था। सरिता अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्होंने 78 साल की उम्र में आखिरी सांस ली थी। साल 2001 में पार्किंसन्स बीमारी के कारण सरिता का निधन हुआ था।



खबर संक्षेप

सम्मान निधि की 24वीं किस्त का अंतरण 30 को

सारंगढ़। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त का अंतरण 30 अक्टूबर को किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के बनासकांठा से देशभर के पात्र किसानों के बैंक खातों में राशि हस्तांतरित करेंगे। जारी लॉट के अंतर्गत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के 72 हजार 874 किसान इस किस्त से लाभान्वित होंगे। उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित होने वाले किसानों में विकासखंड बरमकेला के 18 हजार 167, सारंगढ़ के 24 हजार 706 और बिलाईगढ़ के 30 हजार एक किसान शामिल हैं। किस्त अंतरण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का वेबकास्ट के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस दिन को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

छात्राओं को महिला अधिकारों के प्रति किया जागरूक



सारंगढ़। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा 26 अक्टूबर को राम आदर्श महिला महाविद्यालय, सारंगढ़ में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में छात्राओं को दहेज प्रथाए महिला अधिकारों, सुरक्षा, घरेलू हिंसा और विभिन्न प्रकार की प्रताड़ना से संबंधित जानकारी दी गई। शिविर में सखी वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर और केस वर्कर ने छात्राओं को दहेज प्रथा के दुष्परिणामों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और समानता से जुड़ा गंभीर सामाजिक मुद्दा है।

भारी बारिश की आशंका कर्मचारियों की छुट्टी रद्द

रायगढ़। चक्रवात के प्रभाव से जिले में भारी बारिश की आशंका को देखते हुए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने अधिकारियों कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। अगले आदेश तक कोई भी अधिकारी कर्मचारी बिना अनुमति अवकाश पर नहीं जा सकेगा और न ही मुख्यालय छोड़ सकेगा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को मोबाइल फोन चालू रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल ड्यूटी पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी विभागीय अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने को कहा है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए जन जागरूकता पहल

रायगढ़। एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र द्वारा विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत आमजन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सार्वजनिक स्थलों की दीवारों पर जन जागरूकता संबंधी नारे लिखवाए जा रहे हैं। इस पहल के माध्यम से ई कचरा प्रबंधन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के महत्व का संदेश दिया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को कचरे के उचित निस्तारण, ई.कचरे के सुरक्षित प्रबंधन तथा स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक करना है।

515 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा, टेबल टेनिस और शॉट पुट में रायगढ़ को स्वर्ण

एकलव्य विद्यालय छर्राटांगर में राज्य स्तरीय खेलकूद स्पर्धा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





जिले के घरघोड़ा ब्लॉक स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छर्राटांगर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2026-27 का लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के आठ क्लस्टरों के लगभग 515 बालक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में बलरामपुर, बस्तर, धमतरी, गौरेला पेंड्रा मरवाही, रायगढ़, कांकेर, सरगुजा और सुकमा क्लस्टर के खिलाड़ी शामिल हैं। विभिन्न खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। स्पर्धा के पहले दिन अंडर 14 बालक एकल टेबल टेनिस स्पर्धा में रायगढ़ के सागर धुरव ने स्वर्ण पदक जीता। फाइनल में उन्होंने गौरेला पेंड्रा मरवाही के विनायक पैंकरा को 3.0 से हराया। सागर ने पहला सेट 15.13, दूसरा 11.9 और तीसरा 11.7 से जीता। विनायक पैंकरा दूसरे और सरगुजा के रूपेश कुमार तीसरे स्थान पर रहे।

वहीं अंडर 19 बालक शॉट पुट में रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ के शिवम सिरसो ने 9.99 मीटर गोला फेंककर पहला स्थान हासिल किया। वाड्रफनगर के बलदेव सिंह 9.72 मीटर के साथ दूसरे और धमतरी के भावेश 8.85 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अंडर 14 बालक वर्ग में कांकेर क्लस्टर के सुरेंद्र कोला ने 11.53 मीटर का प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता। सुकमा के रेनूराम दूसरे और धमतरी के जीव्रा खान तीसरे स्थान पर रहे। खो-खो प्रतियोगिता में आठ क्लस्टरों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फाइनल मुकाबला कांकेर और धमतरी क्लस्टर के बीच खेला गया, जिसमें कांकेर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और विजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में उत्साह, अनुशासन और टीम भावना देखने को मिली। अंडर 14 बालक शतरंज में एकलव्य विद्यालय मैनपाट के आकाश टोप्पो ने पहला स्थान हासिल किया। भोरिंग के कुणाल ठाकुर दूसरे और अंतागढ़ के तामेश्वर कोरेटी तीसरे स्थान पर रहे। अंडर 19 वर्ग में बलरामपुर के नारद सिंह विजेता बने। अंतागढ़ के साहिल कुमार नरेटी दूसरे और मैनपुर के येसुर्या धुरवा तीसरे स्थान पर रहे।

पारंपरिक योग में भी खिलाड़ियों ने जीते पदक

अंडर.19 पारंपरिक योग में सरगुजा के प्रियांजल एक्का ने स्वर्ण, बलरामपुर के प्रिंस सूर्यवंशी ने रजत और रायगढ़ के दुकेश कुमार ने कांस्य पदक हासिल किया। अंडर 14 वर्ग में सरगुजा क्लस्टर के लुंड्रा के अभय मिंज प्रथम, कांकेर क्लस्टर के आदित्य कुमार नेताम द्वितीय और बलरामपुर क्लस्टर के अविनाश सिंह तृतीय स्थान पर रहे। अंडर.19 बालक बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सात टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें कांकेर, बलरामपुर, बस्तर और सुकमा क्लस्टर की टीमों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके अलावा कबड्डी, वॉलीबॉल और फुटबॉल सहित अन्य खेलों में भी मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। तीन दिवसीय प्रतियोगिता जनजातीय विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर दे रही है। विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ी खेल कौशल के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का परिचय दे रहे हैं।

खेल अनुशासन सिखाता है : सांसद

एकलव्य आवासीय विद्यालय के राज्य स्तरीय खेल महोत्सव का सांसद राधेश्याम राठिया ने शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न संभागों से पधारे प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सांसद श्री राठिया ने खिलाड़ियों की प्रतिभाएं खेल भावना और अनुशासन की सराहना करते हुए उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा खेल के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ हासिल करने के लिए प्रेरित किया। खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त आधार है। ऐसे आयोजन युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेलें, सीखें और सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करें।



कलेक्टोरेट में सजे बिहान दीदियों के स्वनिर्मित उत्पादों के स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

दीपावली पर्व के अवसर पर स्थानीय महिला स्व सहायता समूहों के स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में बिहान से जुड़ी महिलाओं ने अपने स्वनिर्मित उत्पादों के स्टॉल लगाए। मिट्टी के दीपक, मिठाइयों, पूजा सामग्री, सजावटी सामान और बांस से बने घरेलू उपयोग की वस्तुओं से सजे ये स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे।

कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू एसपी सुनील शर्मा और जिला पंचायत सीईओ ऋषिकेश तिवारी सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने स्टॉलों से खरीदारी कर महिलाओं का उत्साह बढ़ाया। कलेक्टर ने महिला समूहों के स्टॉलों का अवलोकन कर उनके उत्पादों और कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने उत्पादों की खरीदारी करते हुए अधिकारियों और आम नागरिकों से दीपावली सहित अन्य अवसरों पर बिहान की दीदियों द्वारा तैयार वस्तुओं को प्राथमिकता देने की अपील की ताकि महिला समूहों को अपने उत्पादों के लिए बाजार मिले और उनकी आजीविका को मजबूती मिले। कलेक्ट्रेट परिसर में रोशनी संकुल संगठन की महिलाओं ने मिट्टी के दीपक, पेड़ा, शुद्ध देशी गाय के घी से बने उत्पाद, झालर और पर्दे प्रदर्शित किए। साथी आजीविका केंद्र के स्टॉल पर अचार, पूजा थाली, गिफ्ट टोकरी, दीपक, झालर, साबुन और हाथ से तैयार रुई की बातियां उपलब्ध रहीं। एसपी सुनील शर्मा ने महिलाओं से मिठाई, दीपक और बातियों की खरीदारी की। जिला पंचायत सीईओ ऋषिकेश तिवारी और अन्य अधिकारियों ने भी समूहों के उत्पाद खरीदे। भाटाकोना के तुलसी समूह ने बांस से हस्तनिर्मित झाड़, टोकरी, सूपा, पर्री सहित घरेलू उपयोग की पारंपरिक वस्तुओं का स्टॉल लगाया। इन उत्पादों में स्थानीय संसाधनों के उपयोग और महिलाओं की कारीगरी की झलक देखने को मिली।

ग्रामीण हितग्राहियों को अब तक 150 कुक्कुट इकाइयों का वितरण

सारंगढ़। ग्रामीण परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ने, उनकी आय बढ़ाने और पोषण सुरक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में बैकयार्ड कुक्कुट इकाई वितरण योजना संचालित की जा रही है। राज्य शासन की इस योजना के माध्यम से ग्रामीण हितग्राहियों को रियायती दर पर कुक्कुट इकाई उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वे कम लागत में मुर्गी पालन शुरू कर अंडे और मांस के उत्पादन से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकें। जिला



प्रशासन के अंतर्गत पशुधन विकास विभाग द्वारा जिले में योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू के नेतृत्व में जिले में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र परिवारों तक आजीविका के अवसर पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं से प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले को 191 बैकयार्ड कुक्कुट इकाइयों के वितरण का लक्ष्य मिला है। इसके विरुद्ध अब तक 150 इकाइयों का वितरण किया जा चुका है।

टीबी मुक्त घरघोड़ा की उपलब्धि पर विभागीय टीम सम्मानित

घरघोड़ा। छत्तीसगढ़ शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा विकासखंड घरघोड़ा को राज्य स्तर पर सम्पूर्ण टीबी क्षय रोग मुक्त घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर टीबी उन्मूलन के लक्ष्य की प्राप्ति में योगदान देने वाले स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं स्वास्थ्य अधिकारियों ने इस उपलब्धि को स्वास्थ्य विभाग की टीम के समर्पण,



समन्वय और निरंतर प्रयासों का परिणाम बताते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया।

कोसाला एक्सपीरियंस से कोसा विरासत को मिलेगा नया आयाम



रायगढ़। छत्तीसगढ़ की समृद्ध कोसा रेशम बुनाई परंपरा को संरक्षित करने और कारीगरों के लिए आजीविका के नए अवसर विकसित करने की दिशा में हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड की पहल कोसाला ने रायपुर में ताना बाना समारोह आयोजित किया।

इस अवसर पर कोसाला एक्सपीरियंस सेंटर का शुभारंभ किया गया। यहां कोसा शिल्प की विरासत, बुनकर समुदायों के कौशल और आजीविका के लिए किए जा रहे प्रयासों को प्रदर्शित किया जाएगा। समारोह में हिंडाल्को के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कारीगर समुदायों और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए। पारंपरिक रूप से दिवाली से पहले चांपा में आयोजित होने वाला ताना बाना समारोह बुनकरों और कारीगरों के योगदान को सम्मानित करने का मंच है। वर्ष 2021 में स्थापित कोसाला छत्तीसगढ़ में कोसा रेशम की रीलिंग और बुनाई को मजबूत करने के साथ पारंपरिक कौशल को बाजार से जोड़ने की दिशा में काम कर रहा है। संस्था की पहुंच अब तक जांजगीर चांपा, रायगढ़ और कोरबा जिलों के 18 गांवों में 1100 से अधिक कारीगरों और समुदाय के सदस्यों तक पहुंच चुकी है। कोसाला की पहल के तहत देवरी गांव की 30 महिलाएं हाथ की कढ़ाई का प्रशिक्षण ले रही हैं। रायगढ़, जांजगीर चम्पा के गांव में करघाग्राम पहल के माध्यम से 20 महिलाओं को कोसा बुनाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इनमें 10 अर्ध कुशल और 10 नई प्रशिक्षु महिलाएं शामिल हैं।

मानसिक स्वास्थ्य के लिए मददगार बन रही टेली मानस सेवाएं

रायगढ़। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, चिंता और मानसिक परेशानियों का सामना कर रहे लोगों के लिए टेली मानस सेवा एक महत्वपूर्ण सहारा बन रही है। इसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति घर बैठे टोल फ्री नंबर पर कॉल कर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकता है। भारत सरकार की पहल टेली मेंटल हेल्थ असिस्टेंस एंड नेटवर्किंग अक्रॉस स्टेट्स टेली मानस का उद्देश्य लोगों को सुलभ मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। कई बार सामाजिक झिझक, लोक लाज या जानकारी के अभाव में लोग अपनी मानसिक परेशानियों को साझा नहीं कर पाते और समय पर सहायता लेने से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में यह सेवा लोगों को गोपनीय तरीके से विशेषज्ञों से सलाह लेने का अवसर प्रदान करती है। टेली मानस सेवा के माध्यम से अत्यधिक तनाव, घबराहट, बेचैनी, लंबे समय तक उदासी, अवसाद के लक्षण, नींद से जुड़ी परेशानियां, पढ़ाई का दबाव और पारिवारिक समस्याओं जैसी स्थितियों में परामर्श लिया जा सकता है। इसके अलावा नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए भी विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है।

धान खरीदी की तैयारियों को लेकर आज होगी ट्रेनिंग

रायगढ़। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2026-27 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा 29 अक्टूबर को अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में धान खरीदी की प्रक्रिया, टोकन जारी करने, धान एवं चावल के उपार्जन की निगरानी और खरीदी केंद्रों में जरूरी व्यवस्थाओं से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

प्रशिक्षण का उद्देश्य धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संचालित करना और खरीदी केंद्रों में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना है। इसमें राजस्वए सहकारिता, कृषि, खाद्य एवं विपणन विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे। प्रशिक्षण के पहले सत्र में धान खरीदी की प्रक्रिया, टोकन जारी करने के नियम और धान एवं चावल के उपार्जन की निगरानी के लिए डैशबोर्ड ट्रैकिंग सिस्टम तथा कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के उपयोग की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही कोचिया और बिचौलियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए उड़नदस्ता दल की कार्यप्रणाली पर भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के अगले सत्र में टोकन जारी करने की प्रक्रिया, मानक आकार के स्टैक निर्माण, कंप्यूटर रिकॉर्डिंग, नमी जांच और बारदाना व्यवस्था की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा धान खरीदी केंद्रों के वित्तीय दायित्वों और केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर भी चर्चा होगी।



